THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI V. N. GADGIL) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

पुष्प विहार, नई दिल्ली में पानी की सप्लाई

1440. **श्री अच्छे लाल बाल्मीकि** : क्या शहरी विकास मंत्री 23 मार्च, 1984 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2639 के दिये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पुष्प विहार, नई दिल्ली के सेक्टर 3 के टाइप II क्वार्टरों में पानी केवल तीन घंटों (एक-एक घन्टे को तीन किश्तों में) के लिए सप्लाई किया जाता है ;

(ख) यदि हां, इन क्वार्टरों में पानी की सप्लाई न बढ़ाने के क्या कारण हैं; और

(ग) इन क्वार्टरों में पानी की सप्लाई कब तक बढ़ा दिए जाने की संभावना है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) दिल्ली नगर निगम द्वारा पानी की अपर्याप्त सप्लाई के कारण, जल सप्लाई में वृद्धि करना असम्भव है । दिल्ली नगर निगम से अतिरिक्त पानी की सप्लाई की प्राप्ति के तुरन्त बाद ही स्थिति में सुधार होने की सम्भावना है ।

Development of park In Subha-dra Colony, Delhi

1441. SHRI SANTOSH KUMAR SAHU : Will- the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to refer to the reply to Unstared Question 3270 given in the Rajya Sabha on the 20th December, 1985 and state:

(a) whehter it is a fact that D.D.A. has not developed the park in the Subhadra Colony (near Basti Sarai Rohilla) Delhi J and

(b) if so, what are the reasons for the delay ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI DALBIR SINGH) : (a) and (b) No, Sir The area was partly grassed into a simple playground. But due to insufficient water supply, broken boundary wall, this huge area could not be maintained. Efforts are being made to arrange additional water, construct a boundary wall. Thereafter plantation and grassing will be taken up *to* develop this area.

जबलपुर/भोपाल में स्टील स्टाक यार्ड का खोला जाना

1442. **श्री प्यारे लाल खंडेलवाल** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड द्वारा जबलपुर/भोपाल में एक स्टील स्टाक यार्ड खोलने के विषय में कोई निर्णय लिया है ; और

(ख) क्या उस निर्णय का कार्यान्वयन हो गया है ; यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री कृष्ण चन्द पन्त) : (क) और (ख) स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड ने केवल जबलपुर में इस्पात का एक स्टाक यार्ड खोलने का निर्णय लिया था । परन्तु "सेल" ने बाद में यह निर्णय लिया था कि केवल उन्हीं बिक्री केन्द्रों को इस्पात का स्टाक यार्ड खोलने की अनुमति दी जाएगी जो प्रतिमाह कम से कम 5000 टन बिक्री सुनिश्चित कर सके । चूंकि जबलपुर के बिक्री केन्द्र में प्रतिमाह 5000 टन से भी कम की बिक्री होने की सम्भावना थी, अतः सेल ने जुलाई से वहां पर एक प्रेषण अभिकरण स्थापित किया है ।